- bordernewsmirror@gmail.com
- पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
- द्विभाषिक समाचार पत्र

BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...

02 रक्षा मंत्री के आगमन से सीतामढ़ी की धरती पुण्य हुई: आशुतोष

04 मोतिहारी के एक पुलिस अधिकारी की दमनात्मक रवैये की शर्मनाक कहानी

# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं





● पटना, गुरुवार, 29 फरवरी 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 05, अंक: 03


## देश को नशा मुक्त बनाना प्रतिबद्धता: अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता है। श्री शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा एक संयुक्त अभियान में तीन हजार किलो मादक पदार्थ जब्त किए जाने पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, " प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नशा मुक्त भारत के सपने को आगे बढ़ाते हुए हमारी एजेंसियों ने आज देश में विदेशों से लाई गई मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एन सी बी, नौसेना और गुजरात पुलिस के संयुक्त अभियान में 3132 किलोग्राम ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की गई।" उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस सफलता के लिए एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई भी दी ।

# हम जो कहते हैं, वो करते हैं: राजनाथ

## पटना में बोले रक्षा मंत्री, सत्ता का आनंद लेने के लिए नहीं मांग रहे तीसरा कार्यकाल

**बीएनएम@पटना**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिहार के दरभंगा और सीतामढ़ी में अलग-अलग सभाओं को संबोधित किया। दरभंगा में उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री को मौका दीजिए, तीसरा ही नहीं चौथा कार्यकाल भी देने का संकल्प लीजिए, हम गरीबी और बेरोजगारी का संकट खत्म कर देंगे। हमारा चरित्र है कि हम जो कहते हैं, वो करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता का आनंद लेने के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए तीसरा कार्यकाल मांग रहे हैं। पीएम मोदी से पहले हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी लेकिन हमारी सरकार की



नीतियों के कारण देश अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। राजनाथ ने कहा कि अभी आपने देखा होगा कि जिन भारतीय पूर्व नौसैनिकों को कतर की अदालत में फाँसी को सजा सुनाई गई थी। उस समय प्रधानमंत्रीजी ने बात करके उनकी फाँसी की सजा माफ़ कराई। यह है हमारा भारत। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न हम लोगों ने दिया। कांग्रेस के समय में उनकी उपेक्षा हुई। उनके समय में एक परिवार को ही यह सब मिलता था। हमारे प्रधानमंत्री जी ने पी वी नरसिम्हाराव जी को भी भारत रत्न दिया, जो कांग्रेस के नेता थे। हमने उनके योगदान का सम्मान किया है।

सीतामढ़ी में राजनाथ ने कहा कि जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आंदोलन चल रहा था तो कारसेवकों के एक जत्थे का नेतृत्व मैंने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में किया था। मुझे इस आंदोलन के लिए जेल भी जाना पड़ा था। आज अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो गया है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो वे कहते थे कि ग़रीबी हटायेंगे।

# हिमाचल में सरकार गिराने का प्रयास

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हिमाचल प्रदेश में धन बल तथा सत्ता का दुरुपयोग करके बहुमत की सरकार गिराने का अनैतिक तथा असंवैधानिक प्रयास से राज्य के लोगों के अधिकारों को कुचलने की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,``लोकतंत्र में आम जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। हिमाचल की जनता ने अपने इसी अधिकार का इस्तेमाल किया और स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई। लेकिन भाजपा धनबल, एजेंसियों की ताकत और केंद्र की सत्ता का दुरुपयोग करके हिमाचल वासियों के इस अधिकार को कुचलना चाहती है। इस मक़सद के लिए जिस तरह भाजपा सरकारी सुरक्षा और मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है, वह देश के इतिहास में अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, ``यदि 25 विधायकों वाली पार्टी 43 विधायकों के बहुमत को चुनौती दे रही है तो मतलब साफ है कि वह पार्टी प्रतिनिधियों के खरीद-फरोख्त पर निर्भर है। इनका यह रवैया अनैतिक और असंवैधानिक है। हिमाचल और देश की जनता सब देख रही है। भाजपा प्राकृतिक आपदा के समय प्रदेशवासियों के साथ खड़ी नहीं हुई लेकिन अब प्रदेश को राजनीतिक आपदा में धकेलना चाहती है।''

इस बीच कांग्रेस संचार विभाग की प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ``हिमाचल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नकार कर कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत दिया था। जहां हम अपनी गारंटी लागू करने में लगे थे वहीं मोदी जी अपनी गारंटी पूरी करने में लगे थे। मोदी जी की गारंटी है- कांग्रेस की सरकारों को गिराओ लेकिन जनता ने कांग्रेस को जो जनादेश दिया है, हम उसके साथ विश्वासघात नहीं होने देंगे। हिमाचल प्रदेश की जनता ने श्री मोदी, जेपी नड्डा के प्रचार के बावजूद दिसंबर 2022 में राज्य में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। हमारी सरकार बनने के कुछ समय बाद ही राज्य में भयानक आपदा आई। लाखों लोग विस्थापित हुए, जान-माल का नुकसान हुआ लेकिन केंद्र सरकार और श्री मोदी ने कोई मदद नहीं की। कांग्रेस पार्टी और हिमाचल के मुख्यमंत्री की मांग के बावजूद इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया गया। ऐसा पहली बार हुआ है जब भयंकर प्राकृतिक आपदा के बाद भी राज्य को केंद्र सरकार से कोई सहायता या राहत नहीं मिली।

## ईडी ने केजरीवाल को आठवीं बार समन भेजा

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को आठवीं बार समन जारी किया। ईडी ने मुख्यमंत्री को चार मार्च को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। केन्द्रीय एजेंसी ने 22 फरवरी को सातवां समन जारी किया था। श्री केजरीवाल उसे गैर कानूनी बताते हुए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वह ईडी के समक्ष तभी पेश होंगे जब अदालत ऐसा करने का आदेश देगी। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने ईडी के समन पर अनुपस्थित रहने को लेकर श्री केजरीवाल के खिलाफ हाल ही में दिल्ली की एक अदालत में शिकायत दर्ज करायी है।

## विपक्ष के नेता समेत 15 भाजपा विधायक बजट सत्र की कार्यवाही से निलंबित

**शिमला।** विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 15 सदस्यों को बजट सत्र के शेष सत्र के लिए हिमाचल प्रदेश विधानसभा से बुधवार को निलंबित कर दिया गया। विधानसभा सत्र के लिए आज जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान ने अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के साथ बैठक के दौरान सदस्यों के कथित कदाचार के लिए निलंबन का प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव को सदन ने ध्वनि मत से मंजूरी दे दी, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने इसका जमकर विरोध किया। निलंबित विपक्षी सदस्यों सीट नहीं छोड़ने के कारण अध्यक्ष को व्यवस्था बहाल होने तक सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। भाजपा के निलंबित सदस्यों में जय राम ठाकुर, विपिन सिंह परमार, रणधीर शर्मा, लोकिन्दर कुमार, विनोद कुमार, हंसराज, जनक, वलवीर वर्मा, त्रिलोक जमवाल, सुरिंदर शोरी, दीप राज, पूरन चन्द्र, इन्द्र सिंह गांधी, दलीप ठाकुर और रणवीर सिंह शामिल हैं।

**आरोप** कौन नहीं जानता कि ये लोग (द्रमुक) हमारी (केंद्र) योजनाओं पर अपना स्टिकर लगाते हैं

# द्रमुक को नहीं करना काम, झूठा श्रेय लेने को है तैयार: मोदी

तिरुनेलवेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर तीखा हमला करते हुए बुधवार को कहा कि राज्य सरकार कोई काम नहीं करती, लेकिन झूठा श्रेय लेने के लिए तैयार रहती है।

श्री मोदी ने आज तिरुनेलवेली में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, "कौन नहीं जानता कि ये लोग (द्रमुक) हमारी (केंद्र) योजनाओं पर अपना स्टिकर लगाते हैं। अब तो उन्होंने हद कर दी है। उन्होंने तमिलनाडु में इसरो लॉन्च पैड का श्रेय लेने के लिए चीन के स्टिकर चिपकाए हैं। वे भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की प्रगति को देखने के लिए तैयार नहीं हैं और आपके द्वारा भुगतान किए जाने वाले कर से इन्होंने विज्ञापन दिए हैं और



इसमें भारत के अंतरिक्ष की तस्वीर भी शामिल नहीं की है।"

उन्होंने कहा, " यह लोग दुनिया के सामने हमारे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में मिली सफलता को साझा नहीं करना चाहते हैं। इन्होंने हमारे वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष क्षेत्र और देश के करदाता का अपमान किया है और अब समय आ गया है कि द्रमुक को इसके लिए सजा दी जाए।"

श्री मोदी ने केंद्र की योजनाओं को राज्य में लागू करने के लिए जरूरी सहयोग भी न करने का आरोप द्रमुक सरकार पर लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टियां केवल अपने परिवारों के लिए काम करती हैं। अगर इनसे पूछा जाए कि विकास के लिए आप क्या कर सकते हैं तो इनके पास कोई जवाब नहीं होगा लेकिन अगर इनसे पूछे कि द्रमुक का अगला अध्यक्ष कौन होगा तो यह तपाक से उत्तर दे देंगे।

श्री मोदी ने कहा, " द्रमुक जैसी पार्टियां देश के लिए नहीं बल्कि अपने परिवार के लिए काम करती हैं।मुझे पूरा विश्वास है कि इस राज्य की जनता ऐसी पार्टी को सत्ता से उखाड़ फेकेगी जो केवल अपने परिवार के हित के लिए काम करती है। द्रमुक केवल विभाजनकारी राजनीति में रूचि रखती है।द्रमुक और कांग्रेस देश को बांटने पर तुले हुए हैं, जबकि भाजपा हर व्यक्ति को परिवार का सदस्य मानती है।"

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR) Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# दस लाख मूल्य की शराब बरामद

## ट्रक चालक गिरफ्तार, होली त्योहार के लिए लाई जा रही थी शराब

बीएनएम@नवादा

पुलिस ने बुधवार को 80 पेटी अंग्रेजी शराब जप्त किया है। वहीं ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। जबकि बिहार में शराबबंदी कानून लागू है। जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले सामानों के बीच में शराब की तस्करी की जा रही थी। जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने ट्रक



को जब्त किया है। जिसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप को बरामद किया है। बताया जा रहा है कि ट्रांसपोर्ट कंपनी के लिए सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले सामानों के बीच में शराब को छिपाकर तस्करी की जा रही थी। जहां गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गया - नवादा पथ पर सिरदला के जमुगाय गांव के समीप उत्पाद की टीम ने यह सफलता हासिल की है।

वहीं ट्रक के अन्दर कुओं 80 पेटी अंग्रेजी शराब को छिपाकर रखा गया था। इस दौरान टीम ने ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। ड्राइवर के अनुसार ट्रक दिल्ली से रजौली लायी जा रही थी। होली पर्व के मद्देनजर शराब की खेप को लायी जा रही थी और अभी से ही शराब को कारोबारियों के द्वारा स्टॉक किया जा रहा था। मगर उत्पाद की टीम ने उसे पकड़ लिया। फिलहाल गिरफ्तार ड्राइवर से पूछताछ जारी है। वहीं जब्त शराब की बाजार में अनुमानित लागत 10 लाख के करीब बताई जा रही है।


### संघ प्रमुख चार दिवसीय प्रवास पर पहुंचेंगे पटना

पटना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत बिहार के चार दिवसीय प्रवास पर गुरुवार, 29 फरवरी को पटना पहुंचेंगे। पटना में वह 03 मार्च तक रहेंगे और संघ के शताब्दी वर्ष से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक डॉ. भागवत इस चार दिवसीय प्रवास में कई महत्वपूर्ण बैठकों में मौजूद रहेंगे। तीन मार्च की सुबह पटना महानगर के स्वयंसेवकों के एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि संघ की स्थापना नागपुर में वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन हुई थी। वर्ष 2025 में संघ की स्थापना के 100 वर्ष हो जाएंगे।

# महिला के ऊपर से गुजर गयी मालगाड़ी, बाल बाल बची

पटना। बिहार के अररिया में एक हैरान करने वाला वीडियो वायरल हो रहा है, जहां बथनाहा रेलवे स्टेशन पर एक महिला के उपर से मालगाड़ी पार कर गयी और महिला को खरोंच तक नहीं आयी।

पूरी घटना बीते मंगलवार की बतायी जा रही है,जिसे मोबाइल में कैद करने के बाद वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि जब बथनाहा स्टेशन पर मालगाड़ी लगी हुई थी तभी स्टेशन चौक की रहने वाली एक महिला फूट ओवर ब्रिज को छोड़ मालगाड़ी के नीचे से रेलवे ट्रैक को पार करने लगी। तभी हरी झंडी मिलने के बाद मालगाड़ी अचानक खुल गई। ट्रेन के खुलने से महिला काफी घबरा गई उसे समझ में नहीं आ रहा था कि अब वो क्या करे? तभी प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों ने महिला को ट्रैक पर लेट जाने और हिलने डुलने से मना किया। लोगों के कहने पर महिला ने अपनी जान बचाने के लिए रेलवे ट्रैक के बीच




में लेट गयी, जिसके बाद मालगाड़ी महिला के ऊपर से गुजर गई। इस दौरान महिला की बाल-बाल जान बची। मालगाड़ी पास करने के बाद लोगों ने उसे पटरी से निकाला।महिला को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। इस पूरी घटना को किसी ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया जो वायरल हो रहा है।

# राज्य में बालू, शराब और जमीन माफिया सरकार के रडार पर..

पटना। बिहार में बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाने के बाद नीतीश कुमार के तेवर भी पूरी तरीके से बदले हुए नजर आ रहे हैं। यही कारण है कि बिहार में अब माफियाओं के खिलाफ सख्त एक्शन की तैयारी है। राज्य में बालू, शराब और जमीन माफिया बढ़े हुए हैं। अब वह पूरी तरीके से नीतीश सरकार के रडार पर आ गए हैं। इनसे निपटने के लिए बिहार की नई एनडीए सरकार ने उत्तर प्रदेश के तर्ज पर तैयारी कर ली है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने माफियाओं पर शक्ति के लिए गैंगस्टर एक्ट लाया था। अब बिहार में भी अपराध और भ्रष्टाचार के साथ-साथ माफियाओं पर कानूनी शिकंजा कसने के लिए सख्त नियम बनाए जा रहे हैं।

इस संबंध में नीतीश सरकार ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को जो कैबिनेट की बैठक हुई, उसमें नए कानून के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई है। जानकारी के




मुताबिक मौजूदा सत्र में इस बिल को पेश किया जा सकता है। इसने कानून के लागू होने के बाद भ्रष्टाचार को लेकर सरकार की सख्ती जबरदस्त तरीके से बढ़ेगी। साथ ही साथ माफियाओं पर भी कार्रवाई हो सकेगा। वर्तमान में देखें तो सरकारी महकमों में भी जो गड़बड़ी होती है, उसके अलावा माफिया राज से भी निपटने में नया कानून सरकार की मदद करेगा। जानकारी के मुताबिक इसने कानून में भ्रष्टाचार को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा जाएगा। इसके तहत सख्त सजा का प्रावधान भी होगा।

वर्तमान में देखा जाए तो बिहार में जमीन माफिया, बालू माफिया और शराब माफिया की खूब चर्चा है। यह कानून की धज्जियां उड़ाते दिखाई देते जाते हैं। यही कारण है कि नीतीश सरकार ने उनके खिलाफ एक्शन की पूरी तैयारी कर ली है। इस कानून को पूरी तरीके से यूपी के गैंगस्टर एक्ट की तरह ही माना जा रहा है। अब तक बिहार में भ्रष्टाचार और सिंडिकेट माफिया से जुड़े मामलों को गंभीर श्रेणी में नहीं रखा जाता था। लेकिन अब इसमें बदलाव किया जा रहा है और इन मामलों को गंभीर श्रेणी में रखने के साथ ही सख्त सजा का प्रावधान किया जा रहा है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कानून बनाया गया है और इसे पूरी तरीके से लागू किया जाएगा।

# रक्षा मंत्री के आगमन से सीतामढ़ी की धरती पुण्य हुई : आशुतोष

शिवहर। सीतामढ़ी में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी में आने से सीतामढ़ी की धरती पुण्य हो गई। रक्षा मंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव पर भाजपा कार्यकर्ताओं को अपना गुरू मंत्र दिया। जिससे भाजपा कार्यकर्ता मंत्रमुग्ध हो गए। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पार्टी के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष सह युवा उद्यमी आशुतोष शंकर सिंह ने कही। आशुतोष ने रक्षा मंत्री को मां जानकी का उद्भव चिन्ह भेंटकर कर उनको सीतामढ़ी आगमन को लेकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री का सीतामढ़ी आने का मुख्य उद्देश्य मां जानकी का दर्शन करने गए साथ-साथ लोकसभा चुनाव का शंखनाद करना था।



उन्होंने बुधवार को सीतामढ़ी में लोकसभा का शंखनाद कर चुके हैं। इधर, रक्षा मंत्री ने आयोजित बुद्धिजीवी संवाद के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो दस साल के कार्यकाल में काम किए गए हैं,जो अति सराहनीय एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा महिलाओं एवं युवाओं के लिए जो कार्य किए हैं बेहद ही प्रसंसनीय है। मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक़ कानून लाकर एक इतिहास रचे हैं। 370 धारा को हटाकर एतिहासिक कार्य किए। जो आज तक किसी भी सरकार के द्वारा नहीं किया गया।गरीबों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लिए है। जो सीधे गरीबों को लाभ मिल रहा है। मोदी के शासनकाल में आज भारत विश्वगुरू के रूप में है। मोदी जी देश के लिए वरदान साबित हुए हैं। उन्होंने ने जनता से मोदी जी में विश्वास जताते हुए पुनः देश में मोदी सरकार लाने की अपील की। आशुतोष ने बताया कि रक्षा मंत्री ने लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न प्रकार की तैयारियां करने को कहा। जिससे सीतामढ़ी लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार अपार बहुमत से चुनाव जीतेंगे। कहा कि रक्षा मंत्री ने केंद्र में फिर से मोदी की सरकार बनने का ऐलान किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ता को सच्चे लगन,ईमानदारी,झुझारू बनकर चुनाव को लेकर अभियान चलाने को कहा। आशुतोष ने कहा कि आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि केंद्र में हमारे सर्वोसर्वा मोदी जी का ही सरकार बनने जा रहा है।

### मुजफ्फरपुर में दो कुख्यात बदमाश थाने से फरार

**पटना/ मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के टॉप टेन कुख्यात अपराधियों की सूची में शामिल दो अपराधियों को बिहार एसटीएफ की टीम ने साहिबगंज थाना क्षेत्र से पकड़ा था। दोनों ने बुधवार की सुबह एक ओडी अफसर और एक चौकीदार के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। फिर दोनों आरोपित आराम से फरार हो गए। फरार बदमाशों में विवेक कुमार और विक्की कुमार शामिल हैं। थाने से अपराधियों के फरार होने की सूचना पर पुलिस के वरीय अधिकारियों में हलचल मच गई। आनन-फानन में साहेबगंज थाना पर सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने बताया कि एसटीएफ के जरिए पकड़े गए दो कुख्यात बदमाश पुलिस के साथ मारपीट कर भाग गए।

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# महाशिवरात्रि के मौके पर सोमेश्वरनाथ महादेव मन्दिर में तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**अरेराज।** सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर छःलाख से अधिक भक्त जलाभिषेक करेंगे। भक्तो की सुविधा को लेकर अरेराज अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एसडीओ की अध्यक्षता में प्रशासनिक पदाधिकारियो,मंदिर प्रबंधन व शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। अरेराज एसडीओ अरुण कुमार ने जलाभिषेक के आने वाले श्रद्धालुओं के बेहतर से बेहतर साफ सफाई,शौचालय, प्रकाश, शुद्ध पेयजल ,स्वास्थ्य ,सुरक्षा ,ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को कई निर्देश दिया गया। प्रसिद्ध मनोकामना पूरक मंदिर मोतिहारी जिला के



विभिन्न गंडक नदी के तट पर अरेराज में स्थित है। यहाँ महाशिवरात्रि के अवसर पर नेपाल, उत्तर प्रदेश सहित उत्तर बिहार के भिन्न भिन्न जिलो से प्रति वर्ष छः लाखो से अधिक भक्त जलाभिषेक के लिए पहुँचते है।वहीं बैठक में एसडीओ ने पीएचडी जेई को सख्त निर्देश दिया कि वसंत पंचमी मेला जैसा लापरवाही बर्दाश्त नही किया जाएगा। मेला पूर्व पेयजल ,शौचालय का व्यवस्था दुरुस्त करे। वही विधुत विभाग को भी सभी तार दुरुस्त करते हुए मेला अवधि भर निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने का निर्देश दिया गया। वही अस्पताल उपाधिक्षक को दक्ष डाक्टर के साथ मंदिर नियंत्रण कक्ष व एसडीओ आवास के पास स्वास्थ्य कैम्प लगाने का निर्देश दिया गया।

नगर पंचायत ईओ को बेहतर साफ सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, मच्छर से बचाव के लिए फॉगिंग करने ,शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने सहित निर्देश दिया गया।साथ ही मंदिर महंत सह महामंडलेश्वर रविशंकर गिरी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर आने वाले भक्तों के लिए विशेष लाइटिंग,महिलाओ के लिए चेंजिंग रूम,ब्रेकेटिंग,सहित अदभुत व्यस्था रहेगी। उत्तर बिहार सहित पड़ोसी देश नेपाल से लाखों की संख्या में भक्त आते है। प्रशासन, व्यवसायी सहित आमलोग मेला में आने वाले श्रद्धालु भक्तो की सेवा तन मन धन से करे।

वही बीडीओ अमित कुमार पांडेय ने नप ईओ से खराब लाइट लगाने, वाहन पार्किंग की व्यवस्था करने की बात कही। मौके पर डीसीएलआर इति चतुर्वेदी, नगर मुख्य पार्षद रनटू पांडेय, सभी बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ, थाना अध्यक्ष, बिभा कुमारी, राजद नेता राजू पांडेय, सहित उपस्थित थे। मंदिर महंत ने आगामी सात मार्च को भव्य शिव बारात झांकी में प्रशासन सहित आमलोगों से शामिल होने की अपील किया।

# पेट्रॉल पम्प लूटकांड में शामिल अपराधी गिरफ्तार



**बीएनएम@केसरिया**

पुलिस ने हुसेनी व ताजपुर खैरा टोला स्थित पेट्रॉल पम्प से हुए लूटकांड में शामिल अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी बिजधरी का सोनू कुमार है। बुधवार को थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में चकिया पुलिस उपाधीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने इस गिरफ्तारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निदेश पर गठित टीम द्वारा पीताम्बर चौक के पास सघन जाँच किया जा रहा था। इस दौरान एक अपराधी सोनू को पकड़ा गया। इसके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस व एक मोबाइल बरामद की गई है।

गिरफ्तार अपराधी ने गायत्री माया पेट्रॉल पम्प व हुसेनी स्थित पेट्रॉल पम्प से लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। यह छतौनी, डुमरियाघाट व केसरिया थाना में दर्ज कई मामलों का अप्राथमिक अभियुक्त है।

गठित जाँच टीम में डीएसपी के अलावा थानाध्यक्ष उदय कुमार, एसआई निर्मल उरांव, पीएसआई राजीव रंजन सहित अन्य शामिल थे। बता दें कि 11 फरवरी को लाला छपरा-सतरघाट सड़क मार्ग के ताजपुर खैरा टोला स्थित गायत्री माया पेट्रॉल पम्प के कर्मी से हथियार के बल पर करीब 47 हजार की लूट हुई थी।

वहीं 13 फरवरी की देर शाम डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के हुसेनी स्थित ओम शांति किसान सेवा केंद्र नामक पेट्रॉल पम्प से भी हथियार के बल पर लूट हुई थी। पुलिस इन दोनों घटनाओं में शामिल अपराधियों की तलाश कर रही थी।

# एलएनडी कॉलेज में अध्यापक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



मोतिहारी। शहर के एलएनडी महाविद्यालय के बीएड विभाग के प्रशिक्षुओं तथा उनके अभिभावकों के साथ प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार सिन्हा ने सामूहिक चर्चा की। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हमें अनुशासित और चरित्रवान होना चाहिए। उन्होंने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम और स्वामी विवेकानंद की बताई गई उक्ति को दर्शाते हुए कहा कि परिस्थिति,कमजोरी या आर्थिक स्थिति मानवता के कार्य में कमी को नहीं दर्शाता। प्राध्यापकों को नियमित कक्षा करने पर बल देते हुए प्राचार्य ने कहा कि आप प्रतिदिन कक्षा करेंगे तो आप सब का सर्वांगीण विकास होगा। आप किसी भी परिस्थिति में सकारात्मक सोच बनाए रखें।

# बगहा विधायक ने सरकार से बांध बनवाने की मांग की

बगहा। बगहा विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के विधायक राम सिंह ने बुधवार को बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में बगहा नगर में हो रहे गंडक नदी के कटाव से बचाने के लिए काली घाट से पुअर हाउस तक पक्का बांध बनवाने के लिए सरकार से मांग की है।



उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष रितु जायसवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि बगहा विधायक राम सिंह ने बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में उक्त समस्या से अवगत कराते हुआ कहा कि बगहा नगर में गंडक नदी के किनारे बसे लोगों को कटाव का डर हमेशा बना रहता है। साथ हीं उन्होंने कहा कि बहुत हीं कम दूरी पर नेशनल हाईवे भी है, इसलिए बरसात के दिनों में इसके कटाव का भी शंका बना रहता है। इस लिए बगहा नगर के काली घाट से पुअर हाउस तक बांध के निर्माण होने से बगहा शहर को कटाव से बचाया जा सकता है।

# शिवहर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार बनाने को लेकर प्रभारी के मौजूदगी में हुई बैठक

**बीएनएम@शिवहर**

कांग्रेस कार्यालय हक मार्केट शिवहर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष नूरी बेगम की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी को लोकसभा एवं विधानसभा में उम्मीदवार बनाने एवं संगठन के मजबूती को लेकर एक बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा के प्रभारी रीता सिंह मौजूद रही। लोकसभा प्रभारी रीता सिंह ने कहा कि शिवहर जिला में कांग्रेस बहुत ही मजबूत स्थिति में है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में देश परिवर्तन की राह पर है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि देश के भविष्य की दुश्मन बन गई है भाजपा। कहा कि शिवहर में कांग्रेस प्रत्याशी लोकसभा एवं विधानसभा में उतरने की मांग रखी गई है जिसको मैं प्रदेश



अध्यक्ष के समक्ष रखूंगी और हर संभव शिवहर के जनता के साथ न्याय दिलवाऊंगी।कांग्रेस अध्यक्ष नूरी बेगम ने कहा है कि शिवहर जिला में कांग्रेस संगठन पूर्व अध्यक्ष व मेरे पति मोहम्मद असद के द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए हम लोग दिन-रात एक किए हुए हैं। अगर प्रदेश नेतृत्व में मौका दे तो शिवहर लोकसभा और विधानसभा में हम लोग सांसद विधायक चुनकर भेजेंगे। हम बहुत मजबूत स्थिति में है। हमारा संगठन भी बहुत मजबूत स्थिति में है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की लहर है ना कि मोदीजी की लहर। हमारे नेता राहुल गांधी देश के वैसे नेता है जो हर वर्ग का ख्याल रखते हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में देश तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अगर जिंदा रखना है तो शिवहर लोकसभा एवं विधानसभा के झोली में एक सीट जरूर दें।कांग्रेस प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह मोहम्मद नसीम ने भी संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला कांग्रेस इकाई ने एक स्वर से कहा कि शिवहर से लोकसभा एवं विधानसभा का प्रत्याशी कांग्रेस को ही बनाएं। मौके पर सीताराम झा अंबा, वशिष्ठ नारायण रावत, मोहम्मद नसीम अख्तर, मुकेश सिंह, अफरोज आलम, मोहम्मद सद्दाम हुसैन, मोहम्मद मुर्तजा, सच्चिदानंद सिंह,मोहम्मद जुल्फेकार, मुनचुन यादव, प्रमोद राय, राम जन्म महतो सहित अन्य मौजूद रहे।

कवि जाँच घर
Mob.: 7033441319 Tollfree: 1800 3099 895
Address : Bhawanipur Zirat, Motihari, East Champaran-845401
website: www.kavidiagnostics.com | email: drsanjaykumar63@gmail.com
डॉ.संजय कुमार
MBBS (DAR)
MD (Microbiology)

## स्कॉर्पियो- स्विफ्ट डिजायर टकराई, कई लोग जख्मी

बगहा। वाल्मीकि नगर-बगहा मुख्य राजकीय पथ पर नवका टोला गांव हवाई अड्डा के समीप बुधवार की देर शाम बगहा से आ रही स्कॉर्पियो और वाल्मीकि नगर से जा रही डिजायर सिफ्ट के आमने- सामने टकराने से बैठे यात्री और चालक घायल हो गये हैं। बगहा की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 22 पी 9970 है और स्विफ्ट डिजायर गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 06 ए क्यू 3503 है। ग्रामीणों के सूचना पर पहुंची वाल्मीकि नगर पुलिस ने दोनों गाड़ियों को अपने कब्जे में ले लिया हैं। इस दुर्घटना में दोनों गाड़ियों के बंपर के परखच्चे उड़ गए हैं। इस बाबत थाना अध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।समाचार लिखे जाने तक सभी घायलों का उपचार जारी है।

# महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में उप्र ने मारी बाजी

बीएनएम@तुरकौलिया



सेमराटोला पशुरामपुर स्टेडियम में महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बिहार के महिला फुटबॉल कल्ब मुजफ्फरपुर और उत्तर प्रदेश के टाउन महिला फुटबॉल क्लब गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसका उदघाटन आयोजन समिति के अध्यक्ष कमरूद्दीन अंसारी, पूर्व प्रमुख संजय सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष सुनील टाइगर व एबी हास्पिटल की डायरेक्टर सह पूर्व मुखिया बेबी आलम ने किया।

जहां खेल के शुरुआत में ही उत्तर प्रदेश के टीम मनीषा ने 8 वें मिनट पर मुजफ्फरपुर में एक गोल कर दिया। वही मुजफ्फरपुर के सफाली ने 31वें मिनट पर ही मध्यांतर के पहले ही यूपी टीम ने एक गोल दागकर खेल को बराबरी पर ला दिया। खेल काफी रोमांचक हो गया।


मध्यांतर के बाद शानदार खेल खेलते हुए मध्यांतर के बाद यूपी टीम के गंगा ने मुजफ्फरपुर में गोल दागकर शील्ड पर कब्जा कर लिया।

जहां विजेता और उपविजेता के कैप्टन को कमरुद्दीन अंसारी, संजय सिंह, सुनील टाइगर, जिप प्रतिनिधि हेमंत किशोर वर्मा और बेबी आलम ने शिल्ड प्रदान किया। वही बेस्ट ट्वेंटी टू का पुरस्कार डा0 जहांगीर द्वारा मुजफ्फरपुर के रुबी को दिया गया। साथ ही यूपी टीम के जर्सी नंबर 10 मनीषा को बेहतर खेल प्रदर्शन को लेकर एबी हास्पिटल की डायरेक्टर बेबी आलम ने एक हजार का प्रोत्साहन राशि भी दिया। सभी खिलाड़ियों को मेडल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

वही रेफरी की भूमिका में मुजीबुर्रहमान, सहायक रेफरी वकार इब्राहिम, मंदीप चौरसिया और आफिसियली स्कोरर के रूप में अनमोल कुमार उपस्थित थे। कामेंटेटर की भूमिका नौशाद आलम ने निभाया। मैच के दौरान दर्शक दीर्घा में मुखिया रामजनम पासवान, अशरफ आलम, जाकिर हुसैन, कैसर खालिद, बब्लू मियां, मुजफ्फर आलम, सागर मोटर्स के आफताब आलम, सरपंच सिकिंदर पासवान आदि मौजूद थे।

# जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो ...?

सागर सूरज, मोतिहारी




## मोतिहारी के एक पुलिस अधिकारी की दमनात्मक रवैये की शर्मनाक कहानी

हम चाहे जितना भी पुलिस-पब्लिक फ्रेंडली अभियान की बातें कर ले, लेकिन मोतिहारी के कुछ पुलिस अधिकारी इन अभियानों मे पलीता लगाते रहेंगे।

भ्रष्ट थाना प्रभारियों की लंबी फेहरिस्त मे कोटवा अंतर्गत बड़िया भोपतपुर ओपी के प्रभारी आरजू सुमईया पर लग रहे आरोपों पर बात करें तो इनको पुलिस कदाचार मे शामिल एक असंवेदनशील नौकरशाह की श्रेणी मे शुमार किया जा सकता है।

यूं तो पुलिस पर आरोप लगते रहे है और ये आरोप अखबारों की सुर्खियां भी बनती रही है, लेकिन आरजू पर लगने वाले आरोप एक दो नहीं बल्कि दर्जनों मे है जिसको एक- एक कर खबरों मे शामिल नहीं किया जा सकता।। पीड़ित कोर्ट परिवाद कर न्याय लेने का प्रयत्न कर रहे है, अधिवक्ता कुछ मामलों मे इस अधिकारी के विरुद्ध न्यायिक जांच के भी प्रयास कर रहे है, लेकिन आश्चर्य वरीय अधिकारी को इसकी खबर तक नहीं है।

मोतिहारी बार के वरीय अधिवक्ता प्रेम कुमार सिंह उर्फ गौरी बाबू के बातों पर भरोसा करें तो थाना प्रभारी आरजू पर कई गंभीर आरोप लगे है। सबसे बड़ी बात थाना प्रभारी ने तकरीबन 46 मुकदमे अपने थाने मे 2024 मे अब तक दर्ज की है, जिसमे जांच करने पर पता चला कि 70% आवेदन तीन ही व्यक्तियों के द्वारा हस्तलिखित है और ये सभी लोग स्थानीय लोग है जो अप्रत्यक्ष रूप से थाने को चलाते है।

आरोपों पर भरोसा करें तो मनीष यादव, नंदकिशोर सहनी और रामजी प्रसाद के लिखावट वाली प्राथमिकी ही इस थाने मे स्वीकार्य है। कोई भी आवेदन लेकर जाता है तो उसे पहले तो इनकार कर दिया जाता है बाद मे उसके द्वारा लिखित आवेदन को फाड़ दिया जाता है और कहा जाता है फलां व्यक्ति से लिखवा कर लाओ । जाहीर सी बात है इनलोगों द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के शर्तों को पीड़ितों से पूरा करवाया जाता है।

अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कागजातों का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि पहली घटना मे स्थानीय शिवकुमारी देवी पति भाग्य नारायण दास जब अपने ऊपर हुए अत्याचार की प्राथमिकी दर्ज करवाने थाने पहुंची लेकिन प्रभारी द्वारा इनकार करने के बाद कोर्ट मे परिवाद पत्र दाखिल की जिसमे अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट ने संज्ञान लिया फिर क्या था गवाही के दरम्यान ही सूचिका की अभियुक्तों ने फिर से पिटाई की। आवेदन लेकर जब थाना प्रभारी के पास गई तो पुनः इनकार करने पर स्पीड पोस्ट से आवेदन को थाने मे भेजा गया।

शिवकुमारी देवी ने कहा कि थाना प्रभारी चौकीदार के माध्यम से उसे बुलाई और हमको भद्दी –भद्दी गालियां देते हुए आवेदन बदलते हुए दूसरा आवेदन इन तीनों मे किसी से लिखवा कर लाने की बात कही।

मै जब दूसरा आवेदन ले गई तब जाकर प्राथमिकी तो दर्ज हुई लेकिन अभियुक्त गण से भी आवेदन लिया गया और दोनों प्राथमिकी एक ही दफा मे दर्ज कर दिया गया। मेरा आवेदन नंदकिशोर साहनी ने लिखा वही अभियुक्त गण का आवेदन मनीष यादव ने लिखा।



अधिवक्ता प्रेमकुमार सिंह उर्फ गौरी बाबू ने कहा कि हद तो ये हो गई जब अभियुक्त गण से लिए गए आवेदन मे अभियुक्त बनाए गए कई लोग वैसे है जो वर्षों से आसाम में है, जिसके ऊपर बिना जांच किये प्राथमिकी दर्ज कर दिया गया।

यही नहीं राम बाबू दास पिता दुर्योधन दास की कहानी भी कुछ इस तरह की ही है। एक घटना की प्राथमिकी जब थाना प्रभारी नहीं ली तो कोर्ट के आदेश से स्पीड पोस्ट से आवेदन को थाना मे भेजा, आरोप है कि प्रभारी ने चौकीदार से रामबाबू दास को बुलवाई और मारने के लिए डंडा लेकर दौड़ी। मजदूर राम बाबू दास को भी मनीष यादव के ही पास भेजा गया। गरीब रामबाबू के बेटे के आँख मे कील चुभा दी गई थी जिसका इलाज नेपाल के लहान मे करवाया जा रहा है। रामबाबू ना तो मनीष यादव के पास गया और ना ही उसकी प्राथमिकी ही दर्ज की जा सकी।

अब रुना देवी का कहना है कि उसके पड़ोसी ने जब उसके बेटे को मारपीट करने के बाद गर्दन दबा कर मारना चाहते थे तो उसने थाना प्रभारी आरजू के पास फोन किये और हमलावरों के डर से दरवाजा बंद कर घर मे थी इसी बीच थाना प्रभारी आई और दरवाजे को तोड़ते हुए गाली देते हुए बुजुर्ग महिला के गाल पर थप्पड़ जड़ने का कार्य किया।

वरीय अधिकारियों को भेजे गए पत्र मे आरोप लगाया गया कि जब स्थानीय जनप्रतिनिधि इस घटना के बारे मे थाना प्रभारी से पूछने गए, तो बिना किसी विवाद के पुलिस पर हमला का मुकदमा बनाया गया। प्रत्येक थाने मे सीसीटीवी है, अगर पुलिस के साथ कोई 'हॉट टॉक' भी कर रहा है तो थाना प्रभारी वीडियो फुटेज दिखाए।

**बॉर्डर न्यूज मिरर ने थाना प्रभारी आरजू से जब बात की तो उन्होंने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इन आरोपों और सच्चाई के बीच फासले बहुत है।**



# अवकाश प्रदेश में आभार दिवस का आयोजन



मुकेश राठौर
मो 9752127511

एक समय की बात है। जुन्नारगढ़ नाम का एक राज्य था।वहां का राजा बड़ा ही बुद्धिमान, दूरदर्शी और प्रजापालक था। प्रजा की छोटी-छोटी जरूरतों और भावनाओं का ध्यान रखता। मुखिया मुख सो चाहिए, खानपान को एकरटाइप। जननायक वही जो जन भावनाओं को समझे। राजा, प्रजा के प्रति इतना संवेदनशील और समर्पित था कि कहीं से किसी को कंकड़ चुभने की शिकायत भर आ जाती तो सड़क बनवा देता, किसी को गलती से कांटा लगा,तो तुरंत बागड़ फूंकवाता, किसी को राह में प्यास लगती तो कुआं खुदवाता और किसी को भूख लगती तो भोजशाला बनवा देता। राजा बस इतना चाहता था कि उसकी प्रजा बैठे-ठाले खाए और दुआ दे या डकार सिर्फ अपने राजा का नाम मुंह से निकालें। प्रजा बहुत खुश थी।राजा तो खैर था ही।राजा प्रजा की संख्या जानना चाहता था बाकायदा जातिवार, लिंगवार। लेकिन कैसे ?उसने देखा प्रजा के जीवन में अवकाश की कहीं कमी सी हो गई है। अवकाश केवल राजकर्मियों को ही नहीं अपितु जनसामान्य को भी तरोताजा होने के लिए टॉनिक का काम करता है। यह बात राजा समझता था।र ाज्य में उत्सवों पर तो अवकाश देने का रिवाज था ही,राजा ने महापुरुषों के जन्मदिन पर भी अवकाश देने का आदेश जारी किया।

इतना बड़ा राज्य,इतने सारे जात-समाज तो महापुरुषों की क्या कमी ? देखते ही देखते राज्य अवकाश प्रदेश बन गया।अवकाशों की संख्या बढ़ी तो जातियां खुश हुई और अवकाश वृद्धि देख राजकर्मी। जिन जातियों के महापुरुषों के नाम अवकाश घोषित हुए उन्होंने तो राजा को सौ-सौ बार बधाइयां दी लेकिन जिनके महापुरुषों की अनदेखी हुई वे राजा के विरोध में उतर आए और अपने वाले महापुरुष की जयंती पर भी अवकाश घोषित करने की मांग करने लगें।

महापुरुषों के जन्मदिन पर अवकाश होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि कम से कम उस दिन वह महापुरुष याद रहता है,जो कि काम की व्यस्तता के बीच संभव नहीं।खैर,...राजा दूरदर्शी और बुद्धिमान था, प्रजापालक तो था ही। जिस जाति का विरोध बढ़ने लगता,राजा उसकी तुरंत जातिगत जनगणना करवाता, राज्य की जनसंख्या में उसका प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक होता तो उसकी मांग मान ली जाती। इस दौरान जिन्हें अपनी जनसंख्या कम होने का पता चल जाता वे खुशी-खुशी अपनी जनसंख्या बढ़ाने में व्यस्त हो जाते। कुछ दिन बाद उनकी भी मांग मान ली जाती।

राजा किसी को दुखी नहीं देखना चाहता था, सो अवकाशों की संख्या बढ़ती ही गई। एक दिन ऐसा आया कि साल के पूरे तीन सौ पैंसठ दिन अवकाश घोषित हो गए। प्रजाजनों की खुशी सातवें तो राजकर्मियों की खुशी आठवें आसमान पर पहुंच गई। खामख्वाह, पूरी तनख्वाह वाली स्थिति बनीं।राजा की बदौलत प्रजा को भी अपने स्वयं के महापुरुषों को स्मरण करने का अवसर मिला। तीन साल मजे में बीते चौथे साल उनतीस की फरवरी आ गई। राजा विचारने लगा कि अब क्या करूंगा ? अपने मंत्रियों को भेजकर सर्वेक्षण करवाया।

पता चला राज्य में अब कोई भी जाति अवकाश लाभ से वंचित नहीं। राजा घोर चिंता से भर गया कि इस एक कार्यदिवस को कैसे अवकाश दिवस में बदला जाए। तभी उनके एक प्रमुख दरबारी ने सुझाव दिया, राजन आपने समाज को महापुरुष दिए और महापुरुषों के नाम पर अवकाश भी।सो प्रजा का भी नैतिक दायित्व बनता है कि वह आपके प्रति कृतज्ञता ज्ञापन स्वरूप इस दिन को आभार दिवस के रूप में मनाए। राजा को सलाह पसंद आ गई। उन्होंने तुरंत घोषणा की कि हर चौथे साल उनतीस फरवरी के दिन को राज्य में आभार दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

इस दिन सारी जातियां अपना आराम छोड़कर (काम तो खैर पहले ही छोड़ चुकी थीं) राजदरबार में एकत्र होंगी। उनके आने-जाने, भोजन-प्रसादी आदि का खर्च हम उठाएंगे। राजकर्मियो ने आभार दिवस का अवकाश घोषित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और राजा का आभार माना।

## दोस्ती

आशीष कुमार, वाराणसी

दोस्ती अपनेपन का है अटूट प्रेम
जिसका सीधा अर्थ है भुवन में
जिस पर, हम भरोसा कर सकते
आदिकाल से ही दोस्ती इस भव में
सिर्फ नाममात्र की न हुआ करती थी।।


चाहे दोस्ती कृष्ण-सुदामा की हो
या फिर दोस्ती कर्ण-दुर्योधन की
दोस्त को पूर्ण रुपेण साथ देने को
वीर काल में दोस्ती कहा करते थे ।।

इस बीच अपने मित्र के खिलाफ
कोई भी द्वेष की भावना न आती थी
परंतु आज के समय में ऐसे मित्र का
मिलना असंभाव्य सा हो गया है।।

आज भूयिष्ठ मनुज लोगों को
लाभ, धन, चेहरा को देखकर
दोस्ती का प्रस्ताव रखते हैं
आज अतिशय मनुष्य यहां
जब तक दोस्त से है काम,
तब तक ही दोस्ती का है नाम
जिस दिन मीत का काम खत्म,
उस दिन से दोस्ती का नाम खत्म...।।

## अटकेगा सो भटकेगा

डॉ. माध्वी बोरसे, विकासवादी लेखिका



अटकेगा सो भटकेगा,
अगर कार्य से पहले
अत्यधिक सोचेगा,
दुविधा में जो तू पड़ेगा,
अधूरा कार्य तेरा हमेशा
रहेगा।

बहुत लोकप्रिय कहावत है, अटकेगा सो भटकेगा ! अक्सर मनुष्य, ज्यादा चाह की वजह से, या तो भरोसेमंद ना होने की वजह से दुविधा में रहता है और यह नकारात्मक प्रभावों से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण रसामाजिक कार्यकर्ताओं का बर्नआउट, प्रतिबद्धता की कमी, वेतन, सहकर्मियों और पर्यवेक्षकों के साथ कम संतुष्टि, खराब प्रदर्शन और कई अनुभवजन्य अध्ययनों में नौकरी का तनावर होता है।

सही समय पर सही परिणाम न मिल पाना। अपर्याप्त कौशल के माध्यम से उस इनपुट को समझने में असफल होना। यह समझने में असफल होना कि अतीत में काम करने वाली कोई चीज अब काम नहीं करेगी। यह जानने में असफल होना कि बिना सभी सही जानकारी के निर्णय कब लेना है और कब अधिक सलाह की प्रतीक्षा करनी है। हमें इन सब के बारे में जानकारी लेनी चाहिए और कौशल होना चाहिए !

किसी कार्य के बारे में जानकारी ना होना और उसमें कौशल ना होना हमारे जीवन में दुविधाओं का पहाड़ खड़ा कर देता है ! अक्सर ज्यादा दुविधा और सोच में पड़ने के कारण, कार्य हमेशा अधूरा ही रह जाता है इससे हमें हमारी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती है !

भ्रमित महसूस करना निराशाजनक और असहज हो सकता है, जिससे अक्सर लोग हार मान लेना चाहते हैं, दूर हो जाते हैं, और अंततः, ध्यान खो देते हैं। जबकि, जब आप नई चीजें सीख रहे होते हैं तो भ्रम होना तय है, ऐसे कई तरकीबें हैं जिनका उपयोग अपने भ्रम को दूर करने और भविष्य में भ्रम को रोकने में मदद के लिए कर सकते हैं।

ऐसी जगह बैठें जहां कोई अशांति न हो। हर भ्रम को कागज पर उतारो। अपने डर को भी लिखें।एक बार जब विचार कागज पर आ जाएंगे तो वे आपको परेशान करना कम कर देंगे।

दिशाओं, प्रक्रियाओं और अपेक्षाओं को स्पष्ट रूप से संप्रेषित करें। मिश्रित संदेश देने से बचें। समय सीमा तय करें। संगठन के मिशन के साथ सभी गतिविधियों को संरेखित करें। हमेशा ऐसे वक्त पर गहरी सांस लें और थोड़ा धीरज रखे।

यदि आप वास्तव में भ्रमित हैं, तो आपको केवल मुझे नहीं पता कहने से कभी नहीं डरना चाहिए, खासकर यदि आपसे इस समय होने वाली हर चीज को समझने की उम्मीद की जाती है। बस सुनिश्चित करें कि आप उस बारे में विशिष्ट हैं जिस पर आपको स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।


अगर हम इन सब निम्न बातों का ध्यान रखें, तो हम दुविधा में नहीं पड़ेंगे, जो कार्य आसानी से हो सकते हैं, उनके बारे में अत्यधिक ना सोचे वरना वह कार्य रह जाएगा !

कभी-कभी आपने दो दोस्तों को देखा होगा, एक है जो सोचता ही रह जाता है, दुविधा में जीता है और एक वही समान वक्त में वह कार्य करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर लेता है ! तो चलिए आज ही से प्रण लेते हैं, किसी भी नेक कार्य को करने से पहले बहुत ज्यादा ना सोचेंगे और दुविधा मुक्त होने की कोशिश करेंगे कि हम भी सही समय पर वक्त रहते अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर ले !

***अटकना ना तू भटकना ना,***
***वक्त का महत्व तू जरूर समझना,***
***कार्य तू करते रहना,***
***दुविधा में ज्यादा उलझना ना।***

## माँ

आरती त्रिपाठी



तेरी दुआयें ही मेरी कमाई है।
तेरे कदमों से बरकत आई है।
तुझसे ही मैंने जीवन है पाया।
तुझसे ही सारी खुशियां पाई है।।

तेरे कदमों की धूल जो मिल गई।
दुनिया मेरी तो फूल सी खिल गई।
तेरे कदमों के निशानों पर चलकर।
मैंने ये खूबसूरत मंजिल पाई है।।


तूने जब जब मुझे हँसके गले लगाया।
तब तब मैंने खुदा को खुद में पाया।
जब तूने हँसकर मेरे सर पे हाथ फेरा।
तब तब मेरे जीवन का हुआ नया सवेरा।।

माँ मेरी कभी ना तू मुझसे रूठना।
खफा ना होना चाहे जी भरके कूटना।
तेरे आँचल की छाया में ही मैंने तो।
चाँद जैसी ठंडी शीतलता पाई है।।

मेरा जीवन हो बस तेरे कदमों तले।
तेरी ही छाया में जीवन की शाम ढले।
हर अच्छी बुरी सीख मैंने तुझसे पाई है।
मैं कोरा कागज हूँ माँ तू मेरी रोशनाई है।।

## माता-पिता तुल्य जग में कोई अनमोल हीरा नहीं

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र



माता-पिता को ठेस पहुंचाने तुल्य कोई पाप नहीं
माता-पिता की सेवा कर ख़ुश रहने जैसा पुण्य नहीं
जिनके हृदय में माता-पिता का मूल्य नहीं
सृष्टि में वह मानवता के तुल्य नहीं
माता-पिता की सेवा तुल्य कोई पुण्य नही
मां पृथ्वी से बड़ी पिता आकाश से ऊंचा है
माता-पिता से बढ़कर कोई तीर्थ देवता गुरु नहीं
माता-पिता से मिले संस्कार की तुलना नहीं
सृष्टि में माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं
हम क्या जाने हमारे लिए हमारी मां
कितने दिन कितनी रातें सोई नहीं
माता-पिता से बढ़कर दुनिया में कोई नहीं

लेखक- कर विशेषज्ञ, साहित्यकार, स्तंभकार,
कानूनी लेखक, चिंतक, कवि

## लघुकथा: गर्मी की छुट्टियां

वीरेंद्र बहादुर सिंह




उस दिन सभी बच्चे बहुत खुश थे। क्योंकि कल से गर्मी की छुट्टियां होने वाली थीं। अब तो सवा महीने तक खूब धींगामस्ती, मौजमजा और घूमना-फिरना होगा।

पर इन सभी विद्यार्थियों में सब से ज्यादा खुश कुमार था। क्योंकि अब वह सवा महीने तक फुलटाइम मजदूरी कर सकेगा। अपनी विधवा मां की मदद करने के साथ-साथ अपनी पढ़ाई का खर्च भी निकाल लेगा।

जेड-436ए, सेक्टर-12,नोएडा

## मां



हिमाद्री वर्मा 'समर्थ'
जयपुर

जिंदगी कड़क धूप तुम शीतल छांव हो मां
धरा पर धानी चुनर लिए ईश स्वरूप हो मां।
तन में बहती लहु की इक इक बूंद में तुम
दिल में धड़कती हर धड़कन में तुम हो मां।।

संसार से मेरी प्रथम भेंट कराने वाली तुम
जीने के अंदाज सिखाने वाली तुम हो मां।
मेरे सभी नाज नखरे प्यार से उठाती तुम
मेरी जीवन की प्रथम शिक्षिका तुम हो मां।।

मुझे रोता देखकर खुद भी रो देती थी मां
मेरी छोटी मुस्कान पर वारी वारी जाती मां।
बिजली गुल होने पर पंखी झलती थी तुम
मेरी नींद के लिए सारी रात जागती थी मां।।

चांद सरीखे गोल फुल्के मस्त फुलाती तुम
भोजन में कितना सारा प्रेम मिलाती थी मां।
दिनभर सूरज बन उजाला फैलाती थी मां
रात चंदा की कथा से मन बहलाती थी मां।।

अपने मन की सारी पीड़ा हमसे छिपा तुम
हमारे मन की सारी बातें झट समझती मां।
हम में दुनिया का दर्शन कर खुश होती तुम
चाहतों को अपनी तिजोरी में बंद रखती मां।।

नादान रहा बचपन ना समझा क्या होती मां
मां बन मां को जाना कितना धीर धरती मां।।

# घर को एलर्जी से दूर रखने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके



घर पर हे फीवर या एलर्जी अस्थमा के लक्षणों का अनुभव करना आम हो रहा है। एलर्जी हमेशा किसी एक मौसम में नहीं होती है। ये साल के किसी भी समय आप पर हमला कर सकती है। हालांकि जब बाहर की दुनिया की बात आती है तो आप बदलाव नहीं कर सकते हैं, लेकिन कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें आप अपने घर में एलर्जी को कम करने के लिए अपना सकते हैं। कोशिश करें कि आपका घर किसी भी ऐसे तत्व से मुक्त है जो आपको एलर्जी की समस्या से परेशान कर सकता है।

### पालतू जानवरों को बेडरूम से दूर रखें

याद रखें कि बेडरूम आपके परिवार के हर सदस्य के लिए आराम की जगह है। अगर परिवार में किसी को पालतू जानवरों से एलर्जी है, तो अपने पालतू जानवरों को बेडरूम से दूर रखें। अपने पालतू जानवरों को एक अलग कमरे में सुलाएं। उन्हें हफ्ते में एक बार नहलाएं ताकि उनके फर से एलर्जी दूर हो सके।

**कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें आप अपने घर में एलर्जी को कम करने के लिए अपना सकते हैं। कोशिश करें कि आपका घर किसी भी ऐसे तत्व से मुक्त है जो आपको एलर्जी की समस्या से परेशान कर सकता है।**

### फर्नीचर का चुनाव सोच-समझकर करें

क्या आप हर बार सोफे पर लेटने पर असुविधा महसूस करते हैं? फर्नीचर में अपहोल्स्ट्री या गंदगी इसका कारण हो सकती है। आप अपहोल्स्ट्री के बिना सोफा और कुर्सियों को चमड़े, लकड़ी, धातु या प्लास्टिक से बने फर्नीचर से बदल सकते हैं। ये साफ करने में आसान होते हैं और एलर्जी को भी दूर रखते हैं।

### फ्रिज को साफ रखें

रेफ्रिजरेटर को साफ रखना आपकी रसोई को एलर्जी मुक्त और स्वच्छ रखने की दिशा में एक जरूरी कदम है। फ्रिज में ज्यादा नमी को पोंछें।

# दाग-धब्बे हटाकर फ्लॉलेस स्किन पाने के लिए इस्तेमाल करें ये पानी

**गर्मियों** के मौसम में स्किन पर कई तरह की एलर्जी और एक्ने हो जाते हैं। इनसे आपको छुटकारा तो मिल जाता है लेकिन इनके खत्म होने के बाद आपकी स्किन पर निशान रह जाते हैं। जिसकी वजह से आपकी चेहरे की खूबसूरती बिगड़ जाती है। स्किन पर दाग-धब्बों को खत्म करने के लिए आप घर के बने एलोवेरा और चावल के पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां जानें कैसे बानएं और कैसे करें इसका इस्तेमाल।

### कैसे बनाएं चावल का पानी

चावल का पानी बनाने का सबसे तेज तरीका इसे भिगोना है। इसके लिए आधा कप कच्चा चावल लें और फिर अच्छी तरह धो लें। फिर चावल को 2-3 कप पानी के साथ कटोरे में रखिये। फिर 30 मिनट के लिए भीगने के लिए छोड़ दें। बाद में चावल के पानी को साफ बर्तन में छान लें। चावल का पानी तैयार है।

### कैसे बनाएं एलोवेरा और चावल का पानी

इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ एलोवेरा जेल और चावल के पानी की जरुरत होती है। इसके लिए आपको दोनों चीजों को बस मिक्स करना है और फिर उसे एक तरफ रख दें।

### कैसे करें इसका इस्तेमाल


खूबसूरत फ्लॉलेस स्किन के लिए इस पानी को रोजाना रात में सोने से पहले इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले चेहरे को अच्छे से साफ करें। फिर इस पानी को चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें और लगा कर छोड़ दें। फिर अगली सुबह चेहरे को अच्छे से धो लें। अच्छे रिजल्ट के लिए इसको रोजाना के स्किन केयर में शामिल करें।

**एलोवेरा में एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। एलोवेरा स्किन के लिए खूब फायदेमंद होता है, वहीं ग्लोइंग और बेदाग स्किन पाने के लिए आप इसको यूज कर सकते हैं।**

चावल का पानी आपके चेहरे के लिए अच्छा होता है। चावल का पानी आपकी स्किन को चमक देने के लिए जाना जाता है। इसमें विटामिन ई, एंटीऑक्सिडेंट और फेरुलिक एसिड होता है जो आपके रंग को टोन, कसने और चमकदार बनाने में मदद करता है।

वहीं एलोवेरा में एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। एलोवेरा स्किन के लिए खूब फायदेमंद होता है, वहीं ग्लोइंग और बेदाग स्किन पाने के लिए आप इसको यूज कर सकते हैं।





# पसीने की बदबू दूर करने के कारगर DIYs, स्किन प्रॉब्लम्स भी हो जाएंगी दूर

**शरीर** से दुर्गंध आना कई लोगों की एक आम समस्या है और गर्मी के मौसम में ज्यादा गर्मी और पसीने के कारण यह समस्या और भी बढ़ जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनके पसीने में दूर ही काफी बदबू आती है।

गौर करें, तो पसीना आना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और पसीना गंधहीन होता है, लेकिन कई लोग यह सोचते हैं कि पसीना अगर गंधहीन यानी इसमें कोई भी महक नहीं होती, तो फिर कई लोगों के पसीने से बदबू क्यों आती है। यह शरीर पर बैक्टीरिया का विकास है, जो गंध का कारण बनता है।

बाजार में कई बॉडी टैल्क और डिओडोरेंट्स उपलब्ध हैं, लेकिन वे लंबे समय तक बदबू का मुकाबला नहीं कर सकते हैं।

### ठीक से नहाएं

नहाना सबसे अहम है। जिन लोगों को ज्यादा पसीना आता है, उन्हें रोजाना और दो बार नहाना चाहिए। एक अच्छे एंटी-बैक्टीरियल साबुन का इस्तेमाल करें। आप ककड़ी, एलोवेरा, टी ट्री ऑयल, नीम या मेन्थॉल से दिन में दो बार बॉडी वाश भी ले सकते हैं। इससे शरीर से बैक्टीरिया दूर रहते हैं।

### नीम की पत्तियां

नीम के कई औषधीय गुण हैं। मुट्ठी भर नीम की पत्तियों में पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। 15 मिनट के लिए लगाएं और धो लें। नीम के पत्तों को पानी की बाल्टी में डालें और उस पानी से नहाएं।

### नारियल का तेल

नारियल के तेल के कई फायदे होते हैं। नहाने के बाद अंडरआर्म्स पर नारियल का तेल लगाएं। नारियल तेल के रोजाना इस्तेमाल से भी अंडरआर्म्स का कालापन हल्का हो जाएगा। नारियल के तेल में पौष्टिक गुण होते हैं। यह स्किन को नमीयुक्त और पोषण भी देगा।

### पानी पिएं

पर्याप्त पानी पीने से आप अंदर से हाइड्रेट रहेंगे। यह शरीर से टॉक्सिक को बाहर निकालता है, जिससे शरीर में बदबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया को हटा दिया जाता है। साथ ही, पानी एक न्यूट्रलाइजर है, तो यह आंतों में बैक्टीरिया की रोकथाम भी करेगा।

### मीठा सोडा

बेकिंग सोडा के पेस्ट को बराबर भागों में कॉर्न स्टार्च के साथ लगाने से नेचुरल डियोडोरेंट का काम होगा।

# कहानी: जिंदगी में खुशी....

वैदेही कोठारी स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखिका



**स्कूल में देखो तो दोस्त कहते हैं ये बनना जा तू! यह करले तू..,! इसमें तुझे अच्छा पैकेज मिलेगा...!, इसी तरह सभी मिलने वाले रिश्तेदार भी अच्छी नोकरी पैकेज की बात करते हैं...,तुम लोग भी यही सब कहते हो...। आखिर - मैं क्या करना चाहता हूं..,'यह कोई समझने को राजी नहीं, आज जो देखो सिर्फ अच्छे पैकेज या नोकरी ही की क्यों बात करते हैं? सिर्फ पैसा कमाना ही जीवन में सफलता है क्या? खुद की खुशी कुछ मायने नहीं! मुझे पैसे का गुलाम नही बनना! मैं वह काम करूंगा जिससे मुझे जिंदगी भर खुशी मिलें..!**

राघव स्कूल से घर आया, बडा उदास था। मां ने पूछा - "क्या हुआ राघव ? आज स्कूल में कुछ हुआ क्या? राघव ने कोई जवाब नही दिया! चुप-चाप अपने कमरे में चला गया । स्कूल यूनिफार्म चेंज की। चेंज करके बैठ मोबाइल चलाने लगा। थोडी देर बाद मां ने आवाज लगाई, "राघव खाना खाने आ जा..। वह खाना खाने डाइंनिंग टेबल के पास पड़ी चेयर पर बैठ गया।

आज वह रोज की तरह बातें नही कर रहा था। मां उसकी ओर देख कर बोली क्या हुआ? आज इतना उदास क्यों हैं? राघव ने अपनी खामोशी तोड़ कर कहा कुछ नही मां ऐसे ही..., बोल कर, खाना खाने लगा । मां ने भी ज्यादा पूछताछ नही की .., वह खाना खा कर टीवी देखने लगा। कुछ देर टीवी देखी फिर पढने बैठ गया.., ।

राघव दिखने मे काफी स्मार्ट था। 5,7 हाईट, रंग गोरा, नाक लम्बी, बालों की स्टाईल भी हिरो जैसी करा रखी थी। साथ ही पढने में भी अव्वल था। राघव पढाई के साथ साथ गेम, डांस में भी किसी से कम नही था।

कक्षा बारहवी में होने से वह पढाई को लेकर ज्यादा गंभीर था। शाम छः बजे राघव जब कोचिंग से घर आया तो मां ने कहा आज घर के सभी सदस्यों को राजेश अंकल के यहां पार्टी में चलना हैं।

प हले तो राघव ने मना किया,नही माँ...! मैं नही जाउंगा! मां ने ज्यादा फोर्स किया तो राघव भी पार्टी में चल दिया। हालांकि राघव का मन नही लग रहा था। वह खाने की थाली लेकर खड़ा हुआ ही था कि उसको तीन चार जान-पहचान वाले लोगों ने घेर लिया। एक अंकल ने कहा और बेटा आजकल तो दिखाई नही देते हो ..,क्या कर रहे हो ?

-जी अंकल बारहवी कक्षा में हूँ।

-अच्छा क्या विषय लिया है,

-जी अंकल बॉयलाजी,

अच्छा है! अंकल जी हंस्ते हुए बोले,डॉक्टर बनना हैं..,

जी नही अंकल अभी कुछ सोचा नही ...!

अंकल की बात खत्म हुई ही थी, कि दूसरे अंकल बोले तो फिर क्या करोगे.. कुछ सोचा तो होगा..!

- जी अंकल अभी सिर्फ पढाई पर ध्यान है! अच्छा..!

तीसरे अंकल बोले अरे बेटा तुम तो "लॉ" कर लो बढिया हैं,

राघव को अंदर ही अंदर बहुत गुस्सा आ रहा था, किंतु फिर भी वह शालीनता के साथ मुस्कुरा कर जवाब दे रहा था। कुछ ही देर में राघव की मां भी राघव के पास आ गई।

कहने लगी -भई क्या चर्चा चल रही है! अरे भाभी जी कुछ नही राघव से बात कर रहे थे कि क्या करने वाला हैं आगे..!, माँ भी मुस्कुराने लगी !.., थोडी देर बाद कुछ और मिलने वाले आए, उन लोगो ने भी राघव से यही सवाल किये। राघव बैचारा क्या करता, सबको मुस्कुराते हुए जवाब देता रहा।

घर आते ही राघव गुस्सा करने लगा।

गुस्से में राघव बोला - मैने मना किया था! मैं नही जाउंगा फिर भी आप ले गए..!

- तो क्या हुआ राघव ..?

- मुझे पसंद नही कि लोग मुझे तरह तरह की सलाह दे!

स्कूल में देखो तो दोस्त कहते हैं ये बनना जा तू, ! यह करले तू.., ! इसमें तुझे अच्छा पैकेज मिलेगा... !, इसी तरह सभी मिलने वाले रिश्तेदार भी अच्छी नोकरी पैकेज की बात करते हैं...,तुम लोग भी यही सब कहते हो...।

आखिर - मैं क्या करना चाहता हूं..,'यह कोई समझने को राजी नहीं, आज जो देखो सिर्फ अच्छे पैकेज या नोकरी ही की क्यों बात करते हैं? सिर्फ पैसा कमाना ही जीवन में सफलता है क्या? खुद की खुशी कुछ मायने नहीं! मुझे पैसे का गुलाम नही बनना!

मैं वह काम करूंगा जिससे मुझे जिंदगी भर खुशी मिलें..!

48 राजस्व कॉलोनी रतलाम (मध्य प्रदेश)

# माँ



भगवती सक्सेना गौड़, बैंगलोर

जोर जोर से कोई दरवाजा खटखटा रहा था, नीता दौड़ कर गयी और खोला, देखा ट्विंकल खड़ी थी। वह बोली, आंटी बिजली नही है इसलिए जोर से धक्का देना पड़ा, सॉरी, कोई बात नही कहकर उसने गले लगा लिया, तुम बहुत प्यारी हो।

ये सुनते ही ट्विंकल की आंखों में आंसू आ गए।

नीता अपने पड़ोस की भाभी रेणुका को बहुत पसंद करती थी, जो कैंसर से कई वर्ष जूझने के बाद पिछले वर्ष, ट्विंकल को छोड़ कर भगवान के पास जा चुकी थी।

आज ट्विंकल जोर जोर से रो रही थी, बहुत पूछने पर बताया, कुछ आंटी और अंकल आये थे, पापा का टीका किया, मिठाई दी और चले गए, घर में सब बहुत खुश हैं।

मैंने पापा से पूछा, आज क्या है? उन्होंने बताया, तुम्हारी दूसरी मम्मी आने वाली है।

आंटी, रोक लीजिये, मुझे दूसरी मम्मी नही चाहिए, उसी को सौतेली माँ कहते हैं ना। मैंने टीवी में फिल्में देखी है, सौतेली माँ अच्छी नही होती, स्कूल में भी कहानियां सुनी है। घर में दादी, चाची सब है, फिर इनकी क्या जरूरत है। मैंने मम्मी की प्यारी यादों के साथ जीना सीख लिया है।

**आज ट्विंकल जोर जोर से रो रही थी, बहुत पूछने पर बताया, कुछ आंटी और अंकल आये थे, पापा का टीका किया, मिठाई दी और चले गए, घर में सब बहुत खुश हैं। मैंने पापा से पूछा, आज क्या है? उन्होंने बताया, तुम्हारी दूसरी मम्मी आने वाली है। आंटी, रोक लीजिये, मुझे दूसरी मम्मी नही चाहिए, उसी को सौतेली माँ कहते हैं ना। मैंने टीवी में फिल्में देखी है, सौतेली माँ अच्छी नही होती, स्कूल में भी कहानियां सुनी है। घर में दादी, चाची सब है, फिर इनकी क्या जरूरत है। मैंने मम्मी की प्यारी यादों के साथ जीना सीख लिया है।**

नीता समझ नहीं पा रही थी, बच्ची को कैसे समझाए, उसे रेणुका उस घर का सब हाल बताती थी, बीमारी ने तो बाद में खत्म किया, सास और पति के व्यवहार ने पहले ही मार दिया था, इसलिए ट्विंकल के लिए वो बहुत चिंतित रहती थी। अभी साल भी पूरा नहीं हुआ था और लोग शादी करने के चक्कर में थे।

आज उसके दिमाग में अचानक एक विचार आया उसने ट्विंकल से कहा, तुम मुझे कितना प्यार करती हो जवाब मिला ढेर सारा और वो गले लग गयी। अब बच्ची को लेकर वो उसके घर गयी और उसकी दादी से कहा, अगर बुरा न माने तो एक बात आपसे कहना चाहती हूं,

आ प की ट्विंकल इतनी प्यारी है, और आप जानती हैं मेरा अपना कोई नही है, मैके में लोग हैं पर उनके लिए मैं सिर्फ एक मेहमान ही हूँ, इस प्यारी सी बच्ची को मुझे दे दीजिए, मैं ट्रांसफर कराकर कहीं और चली जाऊंगी कानूनी रूप से इसे अपनी बेटी बनाउंगी।

दादी सोच में पड़ गयी फिर घर में मशवरा लेकर बाद में बताते हैं, ये कहा। शाम को ही ट्विंकल खुशी खुशी आयी और बोली आज मैं बहुत खुश हूं,

घर में सबने कहा, कि आपके साथ कहीं घूमने जाना है। आपमे मुझे मेरी अपनी मम्मी का रूप दिखता है, आप बहुत अच्छी हैं।

# संगठन से बनता सुदृढ़ परिवार



हिमाद्री वर्मा 'समर्थ'

मकान को घर बनाए वो कहलाता है परिवार  
हर हाल में साथ निभाए सच्चा साथी परिवार  
हरदिन को त्योहार बनाए वो सम्पन्न परिवार  
दुख में जो आस बंधाए वो है खुशहाल परिवार।।

बड़ों को जहां मान मिले वो है आदर्श परिवार  
बचपन को खूब प्यार मिले वो प्यारा परिवार  
भावनाओं को पनाह दे वो है सहयोगी परिवार  
सपनों को उड़ान मिले वो है उत्साहित परिवार।।


देशोन्नति में सहयोग करे वो जागरूक परिवार  
विचार परस्पर साझा करे वो है पारदर्शी परिवार  
नवाचारों का स्वागत करे वो है विकसित परिवार  
जो है उसी में खुशी मनाए वो है संतुष्ट परिवार।।

ज्ञान का अखंड दीप जलाए वो शिक्षित परिवार  
अतिथि का सत्कार मनाएं वो शिष्टाचारी परिवार  
परहित के जो काज करे वो है परोपकारी परिवार  
ईश्वर में जो ध्यान लगाए वो है धार्मिक परिवार।।

नारी का आभार जताए वो है सुसंस्कृत परिवार  
हुनर की जहां कद्र हो वो है प्रतिभाशाली परिवार  
वैसे तो कहे जाते हैं एकल और संयुक्त परिवार  
संगठन का महत्व जो समझे वो सुदृढ़ परिवार।।

जयपुर, राजस्थान

# सुनों स्त्री..



नमिता गुप्ता 'मनसी' मेरठ, उत्तर प्रदेश

सुनों स्त्री..सुनों,  
कब खोलोगी तुम  
सांकल  
अपने भीतर की,  
माना..  
बहुत सलीके से सजाया तुमने  
घर-आंगन,  
मुस्कराहटों को जगह दी  
सारी उदास आंखों में।।

पर, क्यों भूली रही  
अपने ही केशों को सुलझाना ,  
क्यों नहीं टांक लिए कुछ सितारे  
अपने आंचल में,  
क्यों नहीं झांककर देखा चांद  
मन की खिड़कियों से,  
क्यों नहीं की उससे देर तक  
ढेरों लंबी बातें!!

सुनों स्त्री..  
तुम जननी हो,



चित्र साभार गूगल

जन्मीं हैं तुमने ही संभावनाएं ..  
संभाला है तुमने ही धरोहरों को..  
तुमने बढ़ने दिया मान्यताओं को  
अनवरत ही,  
..तो जन्मो न अपनी एक भाषा!

निर्विरोध संशोधन करो मान्यताओं में,  
सुनों..  
गढ़ों ऐसी लिपि  
जो अनुवादित कर सके  
तुम्हारे आंसुओं को  
सही से!!

# धरा



ममता सिंह राठौर  
कानपुर

पहचान की बयानी लिख रही हूं  
अपने किरदार की  
कहानी लिख रही हूं।।

हंसते चमकते निखरते ढलते रंग लिख रही हूं  
बरसों बरस की  
ऊभन लिख रही हूं।।

सहजता, सरलता, और कुशलता लिख रही हूं  
प्रेम, धैर्य और सौंदर्य की  
विषमता लिख रही हूं।।

लिखना यही कि स्वयं को लिख रही हूं  
वेद से संवेद के अभेद लिख रही हूं।।

कथा ब्यथा का परिपेक्ष लिख रही हूं  
सच लिखूं तो क्या लिखूं  
अनवरत खेद लिखूं ।।

पिता लिखूं तो माँ लिखूं,  
पति के संग स्वयं लिखूं  
स्वयं को जब धरा लिखूं  
तो भाग्य को प्रभा लिखूं।।

# माँ!



कृष्णा तिवारी, नोएडा

ख़ामोशी की चादर जैसे  
हरदम ओढ़े रहती माँ!!  
पिता गए है ज़ब से कुछ  
सहमी सहमी रहती माँ!!  
दिल में जैसे सागर है,  
फिर भी रहती खाली माँ!!  
इक झोंके से छलक पड़ै  
से नीर भरी हो गागर माँ!!  
वो तो पूरी रामायण थी  
अब क्यूँ छंदो में सिमटी माँ!!  
पिता के मंदिर की मूरत  
आज विसर्जन होती माँ!!  
शूल ह्रदय में चुभे है लेकिन  
किनसे पीर कहेगी माँ।।  
सब माली अपनी बगियाँ के  
कैसे फूल चुनेंगी माँ!!  
पिता गए है ज़ब से जैसे  
हो गई कड़वी गोली माँ!!  
भरी पूरी इस दुनियाँ में  
रह गई बहुत अकेली माँ!!  
दिल में जैसे सागर है  
फिर भी रहती खाली माँ!!  
इक झोंके से छलक पड़े  
नीर भरी हो गागर माँ।।

# BNM Fantasy



## शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं तापसी

इन दिनों बॉलीवुड में शादियों का सीजन चल रहा है. हाल ही में रुकल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी शादी के बंधन में बंधे हैं. वहीं ऐसा भी कहा जा रहा है कि मार्च में पुलकित सम्राट-कृति खरबंदा भी शादी करने वाले हैं. इसी बीच अब तापसी पन्नू को लेकर भी कुछ ऐसी ही खबर आ रही है. एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार तापसी और उनके बॉयफ्रेंड मैथियास बोए ने भी शादी करने का फैसला किया है. बताया जा रहा है कि दोनों की शादी अगले महीने यानी मार्च में होगी. ये कार्यक्रम उदयपुर में होगा. कहा जा रहा है कि दोनों सिख और ईसाई धर्म के रीति-रिवाज के अनुसार शादी के बंधन में बंधेंगे.

---

## सरगुन मेहता ने किया शाहरुख खान से मिलने से मना

सरगुन मेहता टीवी की मशहूर एक्ट्रेस हैं. टीवी शोज के अलावा सरगुन कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं. एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने शाहरुख खान का जिक्र किया है. वो शाहरुख की बड़ी फैन हैं. लेकिन आज तक उनसे मिली नहीं हैं. हालांकि उन्हें शाहरुख से कई बार मिलने का मौका मिला, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था. इस ऑफर को ठुकराने की वजह जानकर आप हैरान हो जाएंगे. बातचीत के दौरान सरगुन मेहता ने कहा “बचपन से या यूं कहूं कि मैंने एक्टिंग लाइन में इसलिए आई क्योंकि मुझे शाहरुख खान के साथ काम करना था और मुझे उनके साथ रोमांस करना था.” उन्होंने आगे कहा “रवि (उनके पति) मुझसे कहते हैं कि आज शाहरुख खान शूट पर आ रहे हैं, आओ उनसे मिल लेना. मैं हर बार उन्हें मना कर देती हूं. मैं शाहरुख से किसी फैन की तरह नहीं मिलना चाहती. ऐसा मैं इसलिए नहीं चाहती क्योंकि वो मुझसे मिलेंगे और मुझे भूल जाएंगे और इस बात का मुझे बहुत दुख होगा. इसलिए मैंने सोचा है कि मैं उनसे तब ही मिलने जाऊंगी जब मैं उनके साथ काम करूंगी.”सरगुन मेहता ने आगे बताया कि भले ही वो शाहरुख से मिली न हों, लेकिन शाहरुख ने उनके लिए एक वीडियो मैसेज भेजा था. सरगुन के अनुसार रवि से शाहरुख से कहा कि वो उनकी बड़ी फैन हैं, लेकिन वो तब तक आप से नहीं मिलेंगी जब तक आप उनके साथ कोई प्रोजेक्ट न करें. सरगुन ने शाहरुख की इस वीडियो पर बात करते हुए कहा कि वो क्लिप अभी भी उनके पास है, जिसमें शाहरुख ने सरगुन को ये मैसेज दिया.



---

## फरार घोषित हुईं बॉलीवुड एक्ट्रेस जया प्रदा

### *कोर्ट ने गिरफ्तार करने का दिया आदेश*



रामपुर की एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट की तरफ से बॉलीवुड एक्ट्रेस और पूर्व सांसद जया प्रदा को फरार घोषित किया गया है. कोर्ट ने पुलिस को उन्हें गिरफ्तार कर हाजिर करने के आदेश दिए हैं. दरअसल, ये मामला 2019 लोकसभा चुनाव के समय का है. एक्ट्रेस के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के दो मामले दर्ज हुए थे. पूर्व सांसद व फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा के खिलाफ रामपुर की एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट की तरफ से धारा 82 के तहत कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं. 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट में नहीं पहुंचने पर जया प्रदा के ऊपर तकरीबन 9 बार गैर जमानती वारंट जारी हो चुके हैं. हालांकि अब लंबे समय तक कोर्ट में हाजिर ना होने पर उनके खिलाफ फरार होने की घोषणा की कार्रवाई की गई है. 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी आजम खान के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा को प्रत्याशी बनाया था. चुनाव प्रचार के दौरान जया प्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के दो मुकदमे दर्ज किए गए थे. जिसकी सुनवाई रामपुर की एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रही है. काफी समय से जया प्रदा कोर्ट में हाजिर नहीं हुईं. उसके बाद कोर्ट ने कई बार गैर जमानती वारंट भी जारी किए. मंगलवार को भी कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन जया प्रदा कोर्ट नहीं पहुंची. जिसके बाद कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 82 की कार्रवाई की है. एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट के अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि जया प्रदा को बयान दर्ज करने के लिए कोर्ट ने तलब किया था. काफी समय से जयप्रदा कोर्ट में हाजिर नही हो रही थीं. पुलिस द्वारा कोर्ट में बताया गया कि जया प्रदा का मोबाइल फोन भी ऑफ है. कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्रवाई की है और साथ ही पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को टीम गठित कर जया प्रदा को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं. सुनवाई की अगली तारीख 6 मार्च तय की गई है.